गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2023 03.04.2023

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिन्ग अनुपालन<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400051<br>**स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू** | 2. लिस्टिन्ग विभाग,<br>बीएसई लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई- 400001<br><br>**स्क्रिप कोड: 532155** |

महोदय/महोदया,

कृपया **"गेल ने अपनी भुगतान प्रक्रिया के डिजिटलीकरण और केंद्रीकरण हेतु अत्याधुनिक केंद्र का उद्घाटन किया"** संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की एक प्रति संलग्न है ।

**धन्यवाद,**

**भवदीय,**

महेश

**(महेश कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव**

**संलग्न : उपर्युक्त के अनुसार**

प्रति:

1. इयूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. बेकॉन ट्रस्टीशिप लिमिटेड,
4 सी एंड डी, सिद्धिविनायक चैंबर्स,
गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के पीछे,
बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051

ध्यानाकर्षण : श्री कोस्तुभ कुलकर्णी

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

**प्रेस विज्ञप्ति**

# गेल ने अपनी भुगतान प्रक्रिया के डिजिटलीकरण और केंद्रीकरण हेतु अत्याधुनिक केंद्र का उद्घाटन किया

**'सारथी' नामक केंद्र 'आईबीएम कंसल्टिंग' की भागीदारी से एसएपी – ऑपन टेक्स्ट के साथ वेंडर इनवॉइस मैनेजमेंट (VIM) लाइव हुआ**

**नई दिल्ली, 3 अप्रैल,** 2023: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने आज वेंडर इनवॉइस मैनेजमेंट (वीआईएम) के लिए आईबीएम कंसल्टिंग के साथ भागीदारी से अपने पहले अत्याधुनिक केंद्र - साझा सेवा केंद्र (एसएससी) के उद्घाटन के साथ अपनी भुगतान प्रक्रियाओं के पूर्ण डिजिटलीकरण, केंद्रीकरण और स्वचालन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

'सारथी' नामक केंद्र एक आधुनिक सुविधा है जो वेंडर इन्वॉयस के प्रसंस्करण और प्रबंधन के लिए एक अखिल भारतीय केंद्र के रूप में काम करेगा। एसएपी – ऑपन टेक्स्ट के वेंडर इनवॉइस मैनेजमेंट के साथ गेल केंद्र लाइव हो गया।

यह गेल द्वारा भुगतान योग्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाने, डिजिटाइज़ करने, स्वचालित करने और दक्षता लाने हेतु जारी प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विक्रेता के अनुभवों में सुधार के प्रमुख उद्देश्य के साथ गेल द्वारा विकसित केंद्रीकृत वीआईएम का उद्देश्य अंतिम उपयोगकर्ताओं को त्वरित भुगतान, बेहतर अनुभव, उच्च दक्षता और पारदर्शिता प्रदान करना है।

केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि कंपनी भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और आज की डिजिटल दुनिया में प्रतिस्पर्धी बने रहने तथा सफल होने के लिए खुद को तैयार कर रही है।

श्री गुप्ता ने यह भी बताया कि "हम अपने प्रचालन का इष्टतम उपयोग, तीव्रता और व्यापार सुगमता में सुधार करने के लिए साझा सेवा केंद्र के साथ नवीनतम तकनीकों का लाभ उठा रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह परिवर्तनकारी कार्यक्रम हमारे व्यवसाय और इससे संबंधित हितधारकों के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगा"।

गेल के निदेशक (वित्त) श्री आर के जैन ने कहा कि "साझा सेवा केंद्र - 'सारथी', आपूर्तिकर्ता पोर्टल - 'स्पर्श' और 'आशा' हमारे लिए समग्र गेल में प्रचालन को समेकित करने की प्रमुख पहल हैं। यह हमें वित्त प्रचालनों में दक्षता बढ़ाने और वेंडरों के अनुभवों में वृद्धि करने के लिए एक मानकीकृत मंच पर काम करने में सक्षम करेगा।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को एक रिकॉर्ड समय सीमा में लागू किया गया है जो गेल और इसके भागीदारों जैसे ओपन टेक्स्ट, एसएपी और आईबीएम के बीच घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है।

आईबीएम कंसल्टिंग एपीएसी की मैनेजिंग पार्टनर सुश्री लुला मोहंती ने कहा कि "व्यावसायिक मूल्य के लिए प्रचालन और सेवाओं में बदलाव के लिए ऑटोमेशन जैसी सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी लाने के लिए "सारथी" एशिया प्रशांत क्षेत्र में वृहद सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों द्वारा की गई पहल का एक शानदार उदाहरण है। गेल के साथ हमारी भागीदारी आईबीएम कंसल्टिंग के ऊर्जा क्षेत्र में गहन ज्ञान और विशेषज्ञता तथा हमारी उद्योग-अग्रणी प्रौद्योगिकी और व्यवसाय प्रक्रिया प्रचालन क्षमताओं को एक साझा मंच प्रदान करना है। यह संयोजन वास्तव में उन ग्राहकों को विलक्षण बनाता है जो अपने अभिनव प्रयासों से शीघ्र परिणाम देने की इच्छा रखते हैं।

एसएससी में गेल की अत्यंत कुशल भुगतान अदायगी टीम और आईबीएम कंसल्टिंग के बिजनेस प्रोसेस ऑपरेशंस के कार्मिक शामिल हैं, जो उन्नत तकनीकों और स्वचालित वर्कफ्लो का उपयोग करके वेंडर इनवॉयस प्राप्त करने तथा संसाधित करने के लिए उत्तरदायी होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इनवॉयस सही और कुशलता से संसाधित किए गए हैं।

इनवॉइस को डिजिटाइज़ करने के लिए नई सुविधा मेल रूम से लैस है, जिसमें वेंडर संबंधी सूचना की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए इनवॉइस स्टोरेज सुविधा संबंधी सुरक्षा उपाय भी शामिल हैं। इसके अलावा सारथी के पास वेंडर प्रश्नों के समाधान के लिए - समर्पित टेलीफोन नंबर (0120-4446060) के माध्यम से और समर्पित ईमेल : VIMHD@gail.co.in. के माध्यम से दो चैनलों में संचालित हेल्पडेस्क है। केंद्र भविष्य में कंपनी के बढ़ते प्रचालनों को ध्यान में रखते हुए इनवॉयस की बढ़ती मात्रा को प्रति दिन 400 इनवॉयस या एक वर्ष में एक लाख इनवॉयस तक को प्रचालित करने में सक्षम, तैयार और अग्रसर है।

**गेल (इंडिया) लिमिटेड के बारे में**

गेल व्यापार, ट्रांसमिशन, एलपीजी उत्पादन और ट्रांसमिशन, एलएनजी री-गैसीफिकेशन, पेट्रोकेमिकल्स, सिटी गैस, ईएंडपी आदि की प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला में विविध हितों के साथ भारत की अग्रणी

प्राकृतिक गैस कंपनी है। यह देश भर में 14,830 किलोमीटर से अधिक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का स्वामित्व और प्रचालन करती है। इसके और विस्तार के लिए कई पाइपलाइन परियोजनाओं के निष्पादन पर भी समानान्तर काम कर रही है। गेल के पास भारत में गैस ट्रांसमिशन में लगभग 68% बाजार हिस्सेदारी है और इसकी गैस ट्रेडिंग हिस्सेदारी 53% से अधिक है। गेल और इसकी अनुषंगियों / संयुक्त उपक्रमों की भी शहर गैस वितरण में अविजित बाजार हिस्सेदारी है। तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) बाजार में गेल का पोर्टफोलियो काफी बड़ा है। गेल सौर, पवन, जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में भी अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। गेल के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया गेल की वेबसाइट gailonline.com का अवलोकन करें।